# अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की गईं जानें

## थाना मोरवा, पुलिस चौकी बगदरा एवं माड़ा क्षेत्र में हुआ सड़क हादसा, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। जिले के थाना मोरवा क्षेत्र में एक मासूम दुधमुही बच्ची पर छोटा हाथी वाहन का टायर चढ़ने , बगदरा चौकी क्षेत्र के नैकहवा मार्ग में एक युवक फिसल कर गिरने एवं माड़ा क्षेत्र के बुधेर छांदा पर एक प्रौढ़ व्यक्ति की अज्ञात वाहन के टक्कर से मौत हो गई।**



जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात बोलेरो वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सखौहा निवासी महेन्द्र कुमार सोनी ने थाना माड़ा पहुंचकर मौखिक सूचना दर्ज कराई कि उनकी मां कौशिल्या देवी महुआ बीनने के लिए बुधेर गई थीं। उन्हें लेने के लिए उनके पिता रमेश प्रसाद सोनी उम्र 45 वर्ष पिता नर्वदा प्रसाद सोनी निवासी ग्राम सखौहा थाना माड़ा शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी बाइक से बुधेर की ओर जा रहे थे। बताया गया कि बुधेर छादा के पास पहुंचने पर उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की और सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश प्रसाद सोनी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं जनपद सदस्य सखौहा पारसनाथ प्रजापति के प्रयास से मृतक के परिजनों को सरई तहसीलदार के द्वारा शव के अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रूपये सहायता राशि मुहैया कराई गई। चौकी प्रभारी बंधौरा बीएल बंसल मृतक के घर पहुंच 50 हजार रूपये का चेक सौपा।

### बेकाबू मोटरसाइकिल फिसली, युवक की मौत

पुलिस चौकी बगदरा क्षेत्र के ग्राम महादेवाडाड़ निवासी एक युवक अपने पुत्र को मोटरसाइकिल में लेकर चितरंगी जा रहा था कि नैकहवा के पास बेकाबू मोटरसाइकिल फिसल गई और मोटरसाइकिल सवार पिता व पुत्र घायल हो गये, जहां आज युवक की वाराणसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। बगदरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महादेवाडाड़ निवासी मनिजर बैस पिता वंशधारी बैस उम्र 36 वर्ष अपने बच्चे को सरस्वती स्कूल चितरंगी में अध्ययन के लिए मोटरसाइकिल से ले जा रहे थे कि नैकहवा मार्ग में अनियंत्रित होकर पिता-पुत्र गिर पड़े। जिसमें दोनों को चोटे आएं, लेकिन मनिजर को गंभीर चोटे आने पर उपचार के लिए पहले यूपी के रावर्ट्सगंज ले गये, लेकिन चिकित्सको ने वाराणसी के लिए रिफर कर दिये। जहां मनिजर का निधन हो गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### छोटा हाथी वाहन का टायर चढ़ने से दुधमुंही बच्ची की मौत

मोरवा थाना के समीपी अम्बेडकर नगर में छोटा हाथी वाहन के चपेट में आने से दुधमुही डेढ़ साल बच्ची की मौत हो गई। मृतक के पिता के रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध की है। जानकारी के अनुसार फरियादी बृहस्पति भुजवा उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 ने शिकायत दर्ज कराई कि 10 अप्रैल को उनके पड़ोसी मोतीलाल भुजवा बाजार जाने की तैयारी कर रहे थे और सामान लोड किया जा रहा था। इसी दौरान रमेश कुमार गुप्ता के छोटा हाथी वाहन क्रमांक यूपी 64 एच 5213 को चालक पारस कुमार गुप्ता निवासी भगत सिंह कॉलोनी-मोरवा ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए अचानक बैक किया, जिससे वहां खेल रही करीब 1 वर्ष 6 माह की बच्ची ज्योति सिंह चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची को गंभीर चोटें आईं। परिजनों द्वारा तत्काल उसे एनसीएल अस्पताल सिंगरौली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना आज शनिवार को पीड़ित पक्ष ने दर्ज कराया। मोरवा पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# टीईटी परीक्षा के खिलाफ संयुक्त मोर्चा ने मंत्री व द्वय विधायक को सौंपा ज्ञापन

## सैकड़ों की संख्या शिक्षक व शिक्षिकाएं रहे शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किए जाने और प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाल करने की मांग को लेकर सिंगरौली में शिक्षकों का बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला।**

सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आज शनिवार को राज्यमंत्री राधा सिंह सहित सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम को अपनी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिले में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता और प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाल करने की मांग को लेकर आज शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एकजुट होकर सभी शिक्षक जनप्रतिनिधियों के आवास में पहुँचकर प्रमुख मांगो को लेकर सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन देते हुए मांगो को जायज बताया।

### एक नजर में

#### मूक बधिर बालक को सकुशल परिजनों को सौंपा



**सिंगरौली।** आज शनिवार की शाम 7 बजे नवजीवन बिहार एमआईजी कॉलोनी के बच्चों द्वारा थाना आकर अवगत कराया गया कि 1 मानसिक रूप से मूक बधिर बालक जो एमआईजी कॉलोनी में घूम रहा था, जिससे नाम-पता पूंछने पर कुछ नही बता पा रहा था, जिसे थाना लाने पर थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी द्वारा स्वयं पूंछताछ किया। जहां उसने एनसीएल कॉलोनी दुद्धिचुआ जयंत का रहने वाला बताने पर तत्काल उसके घर रवाना किया गया, जिसे पुलिस द्वारा उसके संरक्षक बुआ-फूफा को सकुशल सुपुर्द किया गया । पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक किए गए कार्य से बालक के परिजनों द्वारा सराहना की गई । उक्त कार्रवाई में प्रआर बृजेश सिंह, आर अशोक कुशवाह का सराहनीय योगदान रहा ।

#### श्रमदान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** जिले में जल संरक्षण को लेकर व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली, जहां बैढ़न के माड़ा सेक्टर स्थित ग्राम पंचायत जोगियानी के ग्राम बासौड़ा में तालाब गहरीकरण और सफाई कार्य सम्पन्न हुआ। वहीं चितरंगी विकासखंड में जल चौपाल के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिले में जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत बैढ़न क्षेत्र के माड़ा सेक्टर में स्थित ग्राम पंचायत जोगियानी के ग्राम बासौड़ा में तालाब के गहरीकरण एवं गाद सफाई का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र. जन अभियान परिषद सिंगरौली के नेतृत्व में आयोजित हुआ।



# शिक्षा किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होती है : राजेन्द्र

## 14 .99 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक परिसर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। माड़ा में आज शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। देवसर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र मेश्राम ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस महाविद्यालय भवन के निर्माण पर 14 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत आएगी।**

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेंद्र मेश्राम ने कहा कि शिक्षा किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होती है। नए महाविद्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में भी उच्च शिक्षा के संसाधनों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि नए भवन के बनने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर कक्षाएं, आवश्यक सुविधाएं और शैक्षणिक संसाधन मिल सकेंगे। जिससे उन्हें अपने भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी। यह भवन माड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय प्रबंधन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# मेडिकल कॉलेज तक पहुंच आसान करने की तैयारी, जर्जर मार्ग से मिलेगी राहत

## विधायक रामनिवास शाह के प्रयास से 11 .94 करोड़ की सड़क परियोजना को मिली मंजूरी, मेडिकल कॉलेज तक पहुंच होगी आसान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल सामने आई है। सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के प्रयासों से बरगवां-बैढ़न मेन रोड से नौगढ़ होते हुए मेडिकल कॉलेज तक सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ 94 लाख 82 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि खनिज प्रतिष्ठान मद से मंजूरी मिली है।**

यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और मेडिकल कॉलेज तक पहुंच को सुगम करने के लिए बरगवां बैढ़न मेन रोड से नौगढ़ होते हुए मेडिकल कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य को गति मिलने जा रही है। जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली द्वारा इस परियोजना के लिए 11 करोड़ 94 लाख 82 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग को भेजे गए पत्र में इस सड़क निर्माण कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति के साथ राशि आवंटन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।



यह मार्ग लगभग 2.60 किलोमीटर लंबा है, जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में होने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिला मुख्यालय के समीप स्थित मेडिकल कॉलेज के कारण इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। खराब सड़क की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा भी कई बार इस मार्ग के निर्माण की मांग उठाई जा चुकी है। सिंगरौली विधायक ने इस सड़क को बनाने के लिए प्रस्ताव दिया। जहां प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। खासकर मरीजों और मेडिकल स्टाफ को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक के विशेष पहल पर ही उक्त सड़क कार्य के लिए खनिज प्रतिष्ठान मद से मंजूरी मिली है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में विंध्य वारियर्स की धमाकेदार जीत, बनी चैंपियन




नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 11 अप्रैल। एनआर आईआरएसएम क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विंध्य वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दादरी लीजेंड्स को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए विंध्याचल की टीम ने दादरी को 20 ओवर में 180/5 के स्कोर तक सीमित रखा।**

जवाब में उतरी विंध्य वारियर्स की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए मात्र 17 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और एक यादगार जीत दर्ज की। मैच के हीरो रहे इंजीनियर रेहान नवाज अहमद काइफी, जिन्होंने 28 गेंदों में 75 रन की तूफानी पारी खेलकर मैन ऑफ मैच का खिताब जीता। दादरी लीजेंड्स के प्रबंधक संजू ढाका को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया। वहीं विंध्याचल के जूनियर इंजीनियर अंजनी कुमार को बेस्ट बॉलर और वरिष्ठ प्रबंधक रविकांत रामित्री को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर एजे राजकुमार ने सभी टीमों को खेल भावना के लिए बधाई दी।



# ढोटी में पीसीसी सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल।** नपानि के वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी स्थित श्रीराम कॉलोनी में चल रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण महापौर रानी अग्रवालने किया। इस दौरान वार्ड पार्षद अनिल कुमार बैस, खुर्शीद आलम भी मौजूद रहे। ननि क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी स्थित श्रीराम कॉलोनी में बृजेश शुक्ला के घर से लेकर उदय प्रताप सिंह एवं विजय सिंह के घर तक बनाए जा रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का महापौर ने निरीक्षण किया।

# गांव-गांव एवं बस्तियों में जाकर जनता के बीच संवाद स्थापित करें : विनोद

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। भाजपा की आगामी कार्य योजना के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिले के संगठन प्रभारी विनोद यादव उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की।**

विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, विश्वामित्र पाठक, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, गिरीश द्विवेदी, नप




अध्यक्ष प्रमिला देवी मंचासीन रहे। बैठक में स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने दिया तथा उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला पर प्रकाश डाला । जिलाध्यक्ष ने समस्त जिला पदाधिकारियों तथा मंडल अध्यक्षों को सभी सांगठनिक कार्यक्रमों को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। अपने वक्तव्य में मुख्य वक्ता एवं जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव ने कहा कि गांव एवं बस्ती चलो अभियान में हमारे समस्त जनप्रतिनिधि गांव-गांव एवं बस्ती-बस्ती जाकर जनता के बीच संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करें। वहीं बैठक में राज्यमंत्री राधा सिंह तथा विधायकों ने भी अपने वक्तव्य व सुझाव कार्यकर्ताओं के समक्ष रखे। बैठक में मंडलों के अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# देर रात छापा, 40 टन कोयला समेत डम्पर व जेसीबी जब्त

## निगाही खदान का मामला, संयुक्त जांच टीम की कार्रवाई, चालक मौके से फरार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 10 अप्रैल की देर रात्रि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोरवा गौरव पांडेय एवं खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया।**

कार्रवाई के दौरान खनि निरीक्षक अशोक मिश्रा तथा थाना मोरवा पुलिस की टीम ने एनसीएल



परियोजना निगाही खदान के समीप रेलवे लाइन से लगभग 200 मीटर दूर अवैध रूप से भंडारित करीब 40 टन कोयला पकड़ा। मौके पर कोयले के परिवहन में उपयोग किए जा रहे एक डंपर वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7160 तथा एक जेसीबी इंजन क्रमांक एच 00343939 को लावारिस स्थिति में जप्त किया गया। संयुक्त टीम को देखकर डंपर और जेसीबी चालक मौके से फरार हो गए। जप्त वाहनों को सुरक्षार्थ थाना मोरवा में खड़ा कराया गया है। डंपर वाहन एवं जेसीबी मालिक की जानकारी आरटीओ विभाग से प्राप्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में खनिज सर्वेयर सौरभ चौरसिया, होमगार्ड सैनिक रामसिंह एवं बृजेन्द्र पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सखौहां समिति के मामले में जिला प्रबंधक को हाईकोर्ट से वारंट जारी

## सीधी एसपी को वारंट तामिल कराने का आदेश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अप्रैल। म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर ने न्यायालय अवमानना के मामले में सीधी-सिंगरौली जिले के नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक मांगीलाल बडेरा के खिलाफ वारंट भेजा है। हाईकोर्ट ने सीधी एसपी को वारंट तामिल कराकर न्यायालय में पेश कराने का आदेश दिया है।**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंगरौली जिले की बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति सखौहां द्वारा 3 सितम्बर 2025 को नागरिक आपूर्ति निगम सीधी के जिला प्रबंधक को पत्र लिखकर उच्च न्यायालय की याचिका क्रमांक 26189/25 में पारित आदेश 25 अगस्त 2025 का हवाला देते हुए आवेदक संस्था को खरीफ व रबि विपरण वर्ष 2020-21 से 2025 तक का कमीशन व प्रासंगिक व्यय की राशि 70 लाख 55 हजार 227 रूपये भुगतान करने की मांग की गई थीं। हाईकोर्ट द्वारा संस्था की रिट पिटीशन की सुनवाई करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम सीधी के जिला प्रबंधक को जाँच कर एक माह में भुगतान करने का आदेश दिया था। सखौहा सहकारी समिति का 70 लाख से अधिक का कमीशन भुगतान कराने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी नागरिक आपूर्ति निगम सीधी के जिला प्रबंधक द्वारा अपने पदों का दुरूपयोग किया जाता रहा और उच्च न्यायालय के आदेश को भी दरकिनार किया जा रहा है। संस्था के आवेदन पर भी तानाशाही व अड़ियल रुख अपनाया जा रहा है। वहीं आरोप है कि नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक द्वारा सहकारी कृषि साख समिति के प्रबंधको से खरीफ व रबि सीजन के खरीदी पर संस्थाओं के कमीशन व प्रासंगिक राशि के भुगतान के बदले बड़ी सुविधा शुल्क की डिमांड की जाती है।

# धू-धूकर जल गया खलिहान, देवसर के खड़ौरा गांव का मामला

## राई एवं गेहूं की फसल आग में स्वाहा, किसान ने लगाई मुआवजे की गुहार, थाने में पीड़ित किसान ने दी शिकायत

नवभारत न्यूज

**देवसर 11 अप्रैल। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ौरा में एक किसान की मेहनत पर अचानक लगी आग लगने से खलिहान में रखी गेहूँ और राई जलकर राख में तब्दील हो गई। आग कैसे लगी, अज्ञात है। आगजनी के दौरान मौके पर किसान व उसका परिवार मौजूद नही था।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खड़ौरा निवासी किसान लोहर प्रसाद साहू पिता



जोखन प्रसाद साहू ने इस संबंध में थाना जियावन में आवेदन देकर बताया कि उनके द्वारा अपनी कृषि भूमि पर गेहूं और राई की फसल तैयार की गई थी। कटाई के बाद फसल को सुरक्षित रूप से खलिहान में रखा गया था। लेकिन अचानक आग लगने से पूरी उपज नष्ट हो गई। किसान के अनुसार आग लगने के समय कोई भी व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे आग के कारणों का पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और पूरी फसल जलकर खत्म हो गई थी। बताया जा रहा है कि इस आगजनी में लगभग 30 से 35 बोरी अनाज जल गया, जिसकी अनुमानित कीमत 45 से 50 हजार रुपये के बीच बताई जा रही है। इस नुकसान से किसान को भारी आर्थिक झटका लगा है। किसान ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। यहां बताते चले कि ब्लॉक मुख्यालय देवसर व चितरंगी के साथ-साथ तहसील माड़ा, दुधमनिया, सरई में अभी तक फायर बिग्रेड की व्यवस्था नही हो पाई है। जबकि आये दिन आगजनी की घटनाएं उक्त क्षेत्रों में होती रहती है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अधिकारी फायर बिग्रेड मशीन खरीदने में कोई भी दिलचस्पी नही ले रहे हैं।